हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 नवंबर, 2025

11 विद्यार्थियों ने ली समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ



12 वायदाखिलाफी के विरोध में रोडवेज कर्मियों ने की भूख हड़ताल



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड पर हुए सड़क हादसे में खेत से लौट रहे एक किसान की मौत होने का समाचार है। मृतक की पहचान मदन लाल पुत्र राम सिंह निवासी ढाणी गांव भोडियाखेड़ा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डोडा पोस्त सहित हिसार का युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने हिसार के एक युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई मेजर सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब हिसार रोड पर नई सब्जी मण्डी के पास पहुंची तो सब्जी मण्डी के गेट के पास एक युवक खड़ा दिखाई दिया। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सीताराम बताया।

### चेक बाउंस मामले में दोषी को किया बरी

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग की अदालत ने एक चेक बाउंस मामले में एक अपील की सुनवाई करते हुए ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई सजा को रद्द करते हुए दोषी को बरी कर दिया। जानकारी के मुताबिक न्यायिक दंडाधिकारी जोगिन्द्र जांगड़ा की अदालत ने ललौदा निवासी बलिंद्र सिंह को एक चेक बाउंस मामले में 0 मार्च 05 को 6 माह की कैद व शिकायतकर्ता ललौदा निवासी रोहताश को 107000 रूपये का मुआवजा देने का आदेश दिए थे।

### धान की बोरियां चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना अनाज मंडी से धान की बोरियां चोरी करने के मामले में टोहाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देश राज पुत्र राजपाल निवासी ढाणी प्रेम नगर वा विनोद उर्फ गोगी पुत्र मदन लाल निवासी मॉडल टाउन, उकलाना रोड, भूना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता जगमेल निवासी नहर कॉलोनी, टोहाना ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### रानी लक्ष्मीबाई को विद्यार्थियों ने किया नमन

**फतेहाबाद।** आर्यभट्ट स्कूल में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में कल्पना चावला सदन के इंचार्ज अध्यापन सदस्यसीमा गेरा, आरती व ज्योति तथा स्कूल प्रिंसीपल दीपिका झांब, उप प्रिंसीपल संतोष तनेजा, कृष्णा मैम, मंजीत मैम व कुसुम ने रानी लक्ष्मीबाई के साहस और बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एक्सीडेंट मामले में रोडवेज चालक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रोड एक्सीडेंट के एक मामले में फतेहाबाद पुलिस ने हरियाणा रोडवेज के चालक को गिरफ्तार किया है। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 22 अक्टूबर को विनोद कुमार पुत्र हनुमान सिंह पुत्र ठाकरराम निवासी गांव धागड़ ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वह सुबह अपनी मोटरसाइकिल से अपने गांव इसी दौरान हिसार रोड की तरफ से नए बस अड्डा फतेहाबाद की ओर आ रही हरियाणा रोडवेज बस के चालक ने बस को तेज गति से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी।

## फतेहाबाद में पराली जलाने पर 37 किसानों पर एफआईआर, 2 लाख जुर्माना

# उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से मौसम साफ धूप निकलने से विजिबिलिटी भी सुधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बुधवार रात को उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से वीरवार सुबह मौसम साफ हो गया और धूप निकलने से विजीबिलिटी में सुधार हुआ। उत्तर पश्चिमी हवाओं से मौसम में बदलाव साफ नजर आया।

- गुरुवार को अधिकतम 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया

रात के तापमान में गिरावट नजर आई जबकि स्मॉग व प्रदूषण में कमी आई। वीरवार को यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के करीब दर्ज किया गया जो पहले से काफी बेहतर स्थिति में माना जा रहा है। हवा चलने से पिछले 5 दिन के मुकाबले विजिब्लिटी सुधरने से बसों व ट्रेनों की गति में सुधार होने से यात्रियों को राहत मिली। रात के समय आने वाली ओस तथा दिन में स्मॉग के कारण धूप कम निकलने के कारण धान की फसल व अवशेषों में नमी की मात्रा अधिक होने से फसल की कटाई व अवशेषों के प्रबंधन का काम प्रभावित हो रहा है क्योंकि नमी अधिक होने से कंबाइन व बेलर दोनों ही नहीं चल पा रहे हैं। गुरुवार को जिले में अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया।



शहर में निकली धूप।

### बासमती धान की कटाई बाकी

जिले में बासमती धान की कटाई चल रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में बासमती धान कटाई का 40 फीसदी काम बाकी है तथा 20 फीसदी ऐसे खेत हैं जिनमें फसल के अवशेष पड़े हैं जिनमें किसान गांठें बनाएंगे या सुपर सीडर मशीनों से गेहूं बिजाई करेंगे। जिले में अब तक गेहूं की बिजाई का 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है, अब जिले में मध्यम बिजाई चल रही है। 25 नवंबर के बाद पछेती बिजाई शुरू होगी जोकि 10 दिसंबर तक चलेगी।

### अब तक जिले में ये कार्रवाई

जिले में अब तक फसल अवशेष जलाने की हरसेक के माध्यम से 84 लोकेशन आई हैं। इसमें से 47 लोकेशन पर आगजनी की घटना नहीं मिली जबकि 37 जगह आगजनी पाई गई। अब तक कृषि विभाग जिले के 37 किसानों पर एफआईआर दर्ज करवा चुका है तथा 37 किसानों की ही पोर्टल पर रेड एंट्री की जा चुकी है यानि ये किसान अगले सीजन अपनी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं बेच सकेंगे। अब तक विभाग की टीमें जिले के किसानों पर 2 लाख 5 हजार जुर्माना भी लगा चुकी हैं।

### वातावरण में नमी बढ़ने से हलकी धुंध की संभावना

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड और बढ़ सकती है। दिन में बीच-बीच में हल्के बादल छाने से औसत तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट आ सकती है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि राज्य में मौसम आमतौर पर 23 नवंबर तक खुश्क व परिवर्तनशील बना रह सकता है। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बीच-बीच में आंशिक बादलवाई रहने की भी संभावना है। इससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट और रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान हवा में बार-बार बदलाव होने और हवाएं हल्की गति से चलने की संभावना है। वातावरण में नमी बढने से कुछ एक स्थानों पर अलसुबह हल्की धुंध भी रहने की संभावना है।

### एलर्जी-आंखों में जलन की दिक्कत

जिले में पिछले 20 दिन से फसल अवशेषों का धुओं अधिक होने के कारण एलर्जी व सांस के रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिक अस्पताल सहित जिले भर के अस्पतालों में ऐसे रोगियों की ओपीडी 20 फीसदी तक बढ़ी हुई है। इनके अलावा भी आम लोगों को आंखों में जलन की दिक्कत है। जहरीले धुंएे से लोगों को अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

## पार्षदों ने कहा- करोड़ों की जमीन पर अधिकारियों की शह पर अवैध रूप से कब्जे किए जा रहे

# नपा की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, जांच कमेटी गठित

- कुछ दिन पहले 10 पार्षदों ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नगर पालिका कार्यालय में कई दिन लगातार धरना दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया के कुछ पार्षदों द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों पर नगर पालिका की करोड़ों रुपए की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करवाने का आरोप लगने लगने के बाद अब नगर पालिका अधिकारियों ने अवैध रूप से कब्जा करने के मामले की जांच करने के लिए जिला उपायुक्त के निर्देशों पर एक कमेटी का गठन किया है।

इस जांच कमेटी में पालिका अभियंता और नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता को शामिल किया है जोकि रतिया में हुए अवैध कब्जा के मामले में जांच करेगी। जांच को लेकर शिकायतकर्ता पार्षदों को भी जांच में शामिल किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले रतिया नगर पालिका के 10 पार्षदों ने नगर पालिका अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नगर पालिका कार्यालय में कई दिन लगातार धरना दिया था। इस दौरान कुछ पार्षदों द्वारा जिला उपायुक्त को शिकायत भेज कर आरोप लगाया था कि रतिया नगर पालिका की करोड़ों रुपए की बेशकीमती जमीन पर नगर पालिका अधिकारियों की शह पर अवैध रूप से कब्जे किए जा रहे हैं। इस पर जिला उपायुक्त ने नगर पालिका सचिव को पूरे मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। जिला उपायुक्त के निर्देशों के बाद अब नगर पालिका सचिव ने पालिका अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में दो सदस्य कमेटी का गठन किया है जो कि नगर पालिका की जमीन पर कब्जा के मामले की जांच करेगी। कमेटी को निर्देश दिए गए हैं कि वह शिकायतकर्ता पार्षदों को भी जांच में शामिल करें और पूरी रिपोर्ट जल्द से जल्द कार्यालय में दी जाए।

### उच्च स्तरीय जांच से मामला आएगा सामने

पार्षद विजय कुमार व अन्य पार्षदों का कहना है कि अगर नगर पालिका की जमीन पर अवैध कब्जों की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए तो कई घोटाले सामने आ सकते हैं इसलिए कब्जा करने के मामले में ईमानदारी से जांच करवाई जाए न कि खानापूर्ति की जाए। उन्होंने कहा कि पार्षद इस मामले में नगर पालिका को पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे और जो जमीन नगर पालिका की पाई जाए उसे पर तुरंत चारदिवारी भी की जाए।

## 16 हजार स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का टेंडर नहीं लग पाया

# आपसी खींचतान से स्ट्रीट लाइटों का टेंडर अधर में, शहर में छाया अंधेरा

- हर रोज 30 से 40 शिकायतें स्ट्रीट लाइटों को लेकर आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद के इंजीनियरिंग विंग में चल रही आपसी खींचतान और ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले तीन महीने से 16 हजार स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का टेंडर नहीं लग पाया है। बार-बार बिना ठोस कारण बताए टेंडर रद्द किए जा रहे हैं, जिससे शहर के कई इलाकों में रात को अंधेरा छाया रहता है। मिनी बाइपास पर आधी से ज्यादा लाइटें बंद हैं, वहीं कई वार्डों में स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं। नगर परिषद कार्यालय में हर रोज 30 से 40 शिकायतें स्ट्रीट लाइटों को लेकर आ रही हैं।

### कार्यवाई पर उठे सवाल

गौरतलब है कि पिछले एक साल में शहर में स्ट्रीट लाइट प्वाइंट्स की संख्या दोगुनी से ज्यादा होकर 16,000 तक पहुंच गई है, लेकिन पुराना ठेकेदार सिर्फ 5,000 प्वाइंट्स का ही रखरखाव कर रहा है। बाकी 11,000 लाइटों की मरम्मत का कोई इंतजाम नहीं है। वर्तमान में ठेकेदार से विभागीय बिल बनवाकर काम करवाया जा रहा है, जिस पर अब सवाल उठने लगे हैं। नगर परिषद के पास स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव के लिए सिर्फ एक इंस्पेक्टर है, जबकि ठेकेदार के पास मात्र दो टीमें हैं। ऐसे में 32 वार्डों में फैली 16 हजार लाइटों को दुरुस्त करना नामुमकिन साबित हो रहा है। वहीं, म्युनिसिपल इंजीनियर प्रवेश कौशिक ने कहा स्ट्रीट लाइट मरम्मत के टेंडर बन चुके हैं।

### 1380 नशीली गोलियां सहित दो गिरफ्तार

**सिरसा।** ड्रग्स इंस्पेक्टर सुनील कुमार व सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त पुलिस टीम गांव शेरपुरा से गांव कसुंबी की ओर जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव कसुंबी के नजदीक पहुंची तो सामने से एक कार आती दिखाई दी पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त कार को रोककर तलाशी ली तो कार में शेरपुरा निवासी कार सवार युवक विजय, विकास कुमार को काबू कर तलाशी ली तो उनके कब्जा से नशे में प्रयुक्त होने वाली 1380 नशीली गोलियां बरामद हुई। सीआईए प्रभारी ने बताया कि आगामी कार्रवाई के लिए दोनों आरोपी को नशीली गोलियों सहित ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार के हवाले किया गया है।

# तेग बहादुर जी की शहीदी यात्रा जींद रवाना

- शहरभर की संगत ने एकत्र होकर पावन स्वरूप के दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

हिंद की चादर' और त्याग-बलिदान के प्रतीक नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ को समर्पित ऐतिहासिक शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का वीरवार को टोहाना उपमंडल में अत्यंत श्रद्धाभाव, उत्साह और गरिमामय वातावरण में स्वागत किया गया। यात्रा प्रातः भूना से रवाना होकर उपमंडल के गांव सनियाना पहुंची, जहां गुरुद्वारा साहिब में पावन स्वरूप का मर्यादापूर्वक और भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में संगत ने गुरु साहिब के दर्शन किए और गुरबाणी कीर्तन के बीच नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात यात्रा मेन बस अड्डा पिरथला और गुरुद्वारा सिंह सभा ललौदा पहुंची, जहां स्थानीय संगत ने पुष्पवर्षा, सेवा-सत्कार और लंगर प्रबंधों के माध्यम से गहरी श्रद्धा प्रकट की। प्रत्येक पड़ाव पर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का उत्साह देखने योग्य रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जल सेवा, प्रसाद और लंगर की विशेष व्यवस्थाएं की गई। शहीदी यात्रा टोहाना बाइपास से गुरुनानक धर्मशाला गुरुद्वारा पहुंची, जहां शहरभर की संगत ने एकत्र होकर पावन स्वरूप के दर्शन किए।



टोहाना। शहीदी यात्रा का स्वागत करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## तीन अवैध पिस्टल व 14 जिंदा कारतूस बरामद

# अवैध हथियारों सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस की टीम ने तीन अवैध हथियारों सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय एवं क्राइम कुलवंत सिंह की निगरानी में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने संदिग्ध स्थान पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमृतपाल उर्फ पाला शूटर और अजय उर्फ होशियारा निवासी जमालपूर शेखा के रूप में हुई। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन अवैध पिस्टल और 14 जिंदा कारतूस बरामद किए।



फतेहाबाद। अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार युवकों बारे जानकारी देते एसपी।

# लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में रायपुर नर्सरी की टीम बनी विजेता

- गांव जमाल में सांसद खेल महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

क्षेत्र के गांव जमाल में राजीव गांधी खेल स्टेडियम में वीरवार को दो दिवसीय खेल महोत्सव संपन्न हुए। समापन समारोह में विजेता खिलाडियों को मुख्यातिथि के तौर पर बीजेपी नेता अमीरचंद व जिला पार्षद नंदलाल बैनीवाल ने सम्मानित किया। लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में रायपुर नर्सरी की टीम ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऐलनाबाद की टीम को हराया। लडक़ों के आयु वर्ग में कृष्णा स्पोट्र्स अकेडमी की टीम ने ग्राम पंचायत जमाल की टीम को कड़े मुकाबले में 2 अंकों से हराया। लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता में रंधावा की टीम प्रथम व ग्राम पंचायत धोलपलिया की टीम द्वितीय रही। लडक़ों के आयु वर्ग में बकरियांवाली की टीम प्रथम, रंधावा की टीम द्वितीय रही। लडकियों की हैंडबॉल प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत पोहड़का की टीम प्रथम व एसवीएस अरनियांवाली की टीम द्वितीय रही। लडक़ों के आयु वर्ग में तलवाड़ा खुर्द की टीम प्रथम व ग्राम पंचायत गिगोरानी की टीम द्वितीय रही।



सिरसा। सांसद खेल महोत्सव में विजेता रही टीम।

## भोले-भाले लोगों को बनाते थे निशाना

# स्ट्राइकर गेम के नाम पर ठगी करने पर तीसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गत दिनों साइबर और ऑफलाइन ठगी के एक नए तरीके स्ट्राइकर गेम का पर्दाफाश किया था, जिसमें दो युवक गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके थे। इसी मामले में पुलिस ने अब तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिससे इस गिरोह की गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि अपराधियों की इस नई ठगी तकनीक के कारण भोले-भाले लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे थे। इन शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए बस अड्डा चौकी पुलिस ने विशेष निगरानी शुरू की। तकनीकी इनपुट और लगातार छापेमारी के बाद पुलिस ने 18 नवंबर को गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया था।



फतेहाबाद। स्ट्राइकर गेम के नाम पर लोगों को ठगने का गिरफ्तार आरोपी।

## कार्रवाई | नशा तस्करों की लगभग 6 करोड़ रुपये की संपत्ति की कुर्क : पुलिस अधीक्षक

# ऑपरेशन ट्रैक डाउन : फतेहाबाद पुलिस ने 38 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा 5 नवम्बर से 20 नवंबर तक तक चलाए गए विशेष अभियान 'ऑपरेशन ट्रैक डाउन' के तहत अपराधियों को पकडक़र जेल भेजने का काम किया है। इस अभियान के दौरान संगठित अपराध, हत्या, लूट, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार, न्यायालयों में वांछित तथा नशा तस्करी जैसे संगीन मामलों में 38 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें हत्या के 5 आरोपी, हत्या के प्रयास के 9 आरोपी, संगठित अपराध से जुड़े 24 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार किए गए है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पुलिस ने अभियान के दौरान अवैध हथियार रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 8 मामले दर्ज कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 अवैध हथियार जिनमें 9 पिस्टल, 1 गन, 1 रिवॉल्वर, 57 जिंदा कारतूस व 13 खाली खोल बरामद किए। है। एसपी ने बताया कि फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करी और बार-बार अपराध करने वाले व्यक्तियों पर आर्थिक चोट करते हुए 33 अपराधियों की लगभग 6 करोड़ रुपये की चल व अचल संपत्ति अटैच करने की प्रक्रिया पूर्ण की है।



एसपी सिद्धांत जैन।

### अपराधियों के लिए जिले में कोई स्थान नहीं

पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन ने कहा कि ऑपरेशन ट्रेक डाउन का उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर कड़े अंकुश के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। फतेहाबाद पुलिस पूरी निष्ठा के साथ अपराध-मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। अपराधियों के लिए जिले में अब कोई स्थान नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन का अगला चरण मोस्ट वांटेड और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी पर केंद्रित रहेगा।

## सिरसा : नशा तस्करी में संलिप्त पांच वांछित आरोपी गिरफ्तार

- ऑपरेशन ट्रैक डाउन अभियान के तहत कार्रवाई

**सिरसा।** पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला सिरसा क्षेत्र से नशा तस्करी में संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने वीरवार को बताया कि जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने 48 किलोग्राम चूरापोस्त बरामदगी मामले में के सप्लायर आरोपी गुरपाल सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी चाहपल, खुर्द जिला तरन तारन पंजाब को गिरफ्तार कर किया है। इसके अलावा थाना शहर सिरसा पुलिस ने 20.20 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर आरोपी गिरिश उर्फ अजू पुत्र दीपक निवासी वाल्मिकी चौक बगीची मोहल्ला फतेहाबाद को काबू किया है। वहीं सिविल लाइन थाना पुलिस ने 10.72 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामलें में सप्लायर आरोपी बसंत उर्फ जस्सा पुत्र दयाल सिंह निवासी गली नंबर दो प्रेम नगर सिरसा हाल फ्रेंड्स कालोनी सिरसा को जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। जबकि डिंग थाना पुलिस ने नशा तस्करी में संलिप्त आरोपी अनुराग पुत्र राजेंद्र निवासी भट्टू कलां जिला फतेहाबाद कोभट्टू कलां क्षेत्र से काबू कर लिया है।



स्पेशल: वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे, 26 नवंबर

बच्चो, हमें स्वस्थ रहने के लिए हमारे पर्यावरण का स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। पर्यावरण यानी एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने के लिए सिर्फ बड़े ही नहीं बच्चे भी प्रयास कर सकते हैं। बच्चे कुछ सावधानियां बरतकर, कुछ छोटे-छोटे काम करके एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं, जानो।

# छोटे-छोटे प्रयासों से बनो एन्वॉयर्नमेंट वॉरियर

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, आज दुनियाभर में बड़ों की सबसे बड़ी चिंता है, तुम्हारे लिए यानी नई पीढ़ी के लिए धरती को हरा-भरा रखने की। पानी बचाने के साथ ही साफ-सफाई और हवा को शुद्ध रखने के लिए भी दुनिया के हर कोने में लोग चिंतित हैं। 'वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे' इस फ्रंट पर अवेयरनेस लाने का दिन है। बच्चो, पर्यावरण को सहेजने की इस मुहिम में तुम भी अपनी भागीदारी निभा सकते हो। बहुत से छोटे-छोटे काम करते हुए एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने वाले वॉरियर बन सकते हो।

**अपनाओ ईको-कॉन्शस हैबिट्स:** बच्चो, ईको-कॉन्शस हैबिट्स पर्यावरण सहेजने से जुड़ी अवेयरनेस वाली आदतें होती हैं। ऐसी आदतें अपनाकर अपनी लाइफस्टाइल को कुछ यूं ढाल लिया जाता है कि हवा, पानी, मिट्टी पर नकारात्मक असर ना हो। अच्छी बात यह है कि इसके लिए अपने डेली रुटीन में कोई बड़ा बदलाव करने की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम उठाते हुए भी एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में अपनी भागीदारी निभाई जा सकती है। जैसे अपनी सोसाइटी या कॉलोनी में ईको ग्रुप बनाकर आस-पास पेड़-पौधे लगाना, बाहर नहीं तो घर में ही एक प्लांट की देखभाल करना, कचरा ना फैलाना, खाना जूठा ना छोड़ना, पानी बचाना आदि। ईको कॉन्शस हैबिट्स सीधे-सीधे हवा, पानी और मिट्टी को सहेजने और साफ रखने से जुड़ी हैं। इनसे ही तो हमारा पर्यावरण बना है।

**कचरा घटाओ-ऊर्जा बचाओ:** बच्चो, वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे पर कचरा घटाने और ऊर्जा बचाने पर विशेष बल दिया जाता है। कचरा कम करना यानी कि स्वच्छ परिवेश और रिसोर्सेज



का किफायती इस्तेमाल। वहीं ऊर्जा बचाना यानी बिजली, गैस या ऑयल का सोच-समझकर उपयोग करना। इसके लिए जब इस्तेमाल ना हो रहे हों तो लाइट, पंखे, टीवी और अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस को ऑफ करना ना भूलो। बच्चो, किसी भी तरह की एनर्जी प्रोडक्शन के लिए नेचुरल रिसोर्सेज ही यूज किए जाते हैं।

**अपनाओ 'थ्री आर' रूल:** बच्चो, पढ़ाई-लिखाई के साथ ही अपने आर्ट एंड क्राफ्ट को भी ईको फ्रेंडली बनाओ। पुराने पेपर्स के साथ भी अपनी कलाकारी दिखाओ। अपनी आर्ट बुक का कोई पेज खराब ना होने दो। इसके लिए 'थ्री आर' रूल अपनाओ। थ्री आर यानी-रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल। मतलब, कागज का कम इस्तेमाल, जितना संभव हो पेपर को दोबारा किसी न किसी काम में लेना और यहां-यहां फेंकने के बजाय इन्हें उचित ढंग से रिसाइकिल करने के लिए भेजना। ऐसा करने से हमारे आस-पास साफ-सफाई रहेगी और प्रदूषण कम होगा। साथ ही धरती की हरियाली भी कायम रहेगी।



**चुनो ईको फ्रेंडली सवारी:** गाड़ियों से निकलने वाला गरम जहरीला धुआं। डीजल, पेट्रोल, गैस की बढ़ती खपत और इन गाड़ियों से निकलने वाला शोर पर्यावरण को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। बच्चो, यह कितना अजीब है न कि सुबह-शाम पार्क में दौड़ लगाने वाले लोग थोड़ी दूर भी पैदल नहीं चलते। आस-पास जाने के लिए भी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। तुम तो अभी से ही हेल्थ और एन्वॉयर्नमेंट बिगाड़ने वाली इस आदत से दूर रहो। यूं भी तुम्हारे लिए तो साइकिल सबसे प्यारी सवारी है। आस-पास की किसी शॉप, फ्रेंड के घर, स्कूल या पार्क में खेलने साइकिल से जाओ। साइकिल चलाने से ना तो प्रदूषण होता है और न ही इसमें कोई फ्यूल यूज होता है। साइकिल से तो नॉइज पॉल्यूशन भी नहीं होता। हमारे लिए ईको फ्रेंडली सवारी का चुनाव हर तरह से अच्छा ही होता है। आज के समय में तो साइक्लिंग फिटनेस की एक जरूरी एक्टिविटी भी है। साइक्लिंग के अलावा, पैदल चलना, लिफ्ट के बजाय सीढ़ी चढ़ना जैसी आदतें भी नेचर को बचाने में मददगार बनती हैं। *

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

## पर्यावरण



आओ बच्चो प्यारे बच्चो!
पर्यावरण को साफ बनाएं।
हर जन को जाग्रत कर दें,
पॉलीथीन को दूर भगाएं।।
नदी ताल और नालों में,
मच्छर कभी पनप न पाएं।
बंजर भू में मेहनत करके,
नए पौध की रेल उगाएं।।
गमलों में बोनसाई बोकर,
बंगला फ्लैट सभी सजाएं।
जल और वायु जीवन अपना,
हर जन तक संदेश पहुंचाएं।।
खूब उगाकर पेड़ जहां में,
मौसम का संतुलन बनाएं।
करें दोस्ती प्रकृति से फिर
पर्यावरण सुंदर बनाएं।।

मम्मी जब नोटबुक के बचे पेजों को इस्तेमाल करने लगीं तो ऋषभ ने उन्हें नई नोटबुक देनी चाही, लेकिन मम्मी ने लेने से मना कर दिया। इसके पीछे उन्होंने जो वजह बताई, सुनकर ऋषभ चौंका। मम्मी ने जो बताया, बच्चो इसकी जानकारी तुम्हें भी होनी चाहिए।

# पेड़ और कागज



नॉलेज टॉक
पूजा भारद्वाज

मम्मी आप मेरी पुरानी नोटबुक में कहानी क्यों लिख रही हैं? मैं दूसरी ले आता हूं, मेरे पास रखी हैं नई नोटबुक्स।' आठ साल का ऋषभ अपनी मम्मी को पुरानी नोटबुक में लिखते देखकर बोला।

'नहीं बेटा, मुझे नई नोटबुक नहीं चाहिए। इसी में लिखूंगी मैं।' मम्मी ने नई नोटबुक लेने से इंकार कर दिया। 'लेकिन मम्मी यह तो भरी हुई है।' ऋषभ बोला। 'भरी कहां है? पूरे ग्यारह पेज खाली हैं इसमें। इतने बहुत हैं मेरे लिए।' मम्मी ने नोटबुक के खाली पन्ने दिखाए। ऋषभ बोला, 'लेकिन मम्मी वो बीच-बीच में छोड़े गए पेज हैं।' 'हां तो क्या हुआ, हैं तो पेज ही। लिखने के काम ही आने हैं।' कहकर मम्मी हंसीं। 'लेकिन मम्मी आप ऐसे बचे हुए पन्नों पर क्यों लिख रही हैं?' ऋषभ ने पूछा। 'कुछ पेड़ बचाने के लिए।' मम्मी ने तुरंत जवाब दिया। मम्मी की इस बात पर ऋषभ चौंका, 'पेड़.. वो कैसे बचेंगे?' मम्मी ने नोटबुक एक ओर रखकर उसे अपने पास बैठाया और प्यार से बोलीं, 'तुम्हें मालूम है ये पेज किससे बनते हैं?' ऋषभ ने ना में सिर हिला दिया। 'यह बनते हैं लुगदी से, और लुगदी बनाई जाती है पेड़ की छाल से। कागज का निर्माण पूरी तरह से पेड़-पौधों पर निर्भर होता है, क्योंकि कागज बनाने के लिए कच्चे माल हेतु लकड़ी की लुगदी, कपड़े का टुकड़ा, गेंहू की पुआल या भूसे का प्रयोग किया जाता है।' मम्मी ने पूरी जानकारी दी।

'परंतु पेड़ से ही क्यों बनाते हैं कागज?' ऋषभ ने उत्सुकता से पूछा। 'क्योंकि कागज बनता है सेल्यूलोज से। यह एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जो पेड़ की लकड़ी में पाया जाता है।' मम्मी ने जानकारी दी।

'अच्छा..!' ऋषभ को बात समझ में आ रही थी। मम्मी ने आगे भी बताया, 'और हां, कागज सभी पेड़ों से नहीं बनता है। इसे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले पेड़ हैं- चीड़, मैपल, ओक, सनोबर, बुर्ज, हेमलोक और लार्च आदि। क्योंकि इनकी लकड़ी में सेल्यूलोज अच्छी मात्रा में होता है। एक पेड़ से लगभग 8333 पेज बनते हैं। इस तरह केवल कागज के लिए हर साल दुनिया में चार से आठ अरब पेड़ काटे जाते हैं यानी, हर दिन अमूमन अस्सी हजार पेड़ कटते हैं, तुम्हारी इन कॉपी-किताबों को बनाने के लिए। इसलिए हमें कभी भी कागज को बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसका जितना हो सके उतना अधिकतम उपयोग करके ही रद्दी में डालना चाहिए और यह बात तुम्हें भी याद


एआई इमेज

रखनी होगी, क्योंकि मैं अकसर देखती हूं, तुम्हारी कॉपियों में बहुत से खाली पेज रहते हैं फिर भी तुम उन्हें रद्दी में फेंक देते हो। यह बहुत गलत बात है बेटा। फालतू में कागज कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए, क्योंकि पुराने कागजों से दोबारा नया कागज बन सकता है। कॉपी-किताबों को हम जितना बचाएंगे, सही तरीके से उपभोग करेंगे तो कुछ पेड़ों को बचाने में अपना योगदान दे सकेंगे। अब समझे मेरा बचे पन्नों पर लिखने का मतलब?' 'हां मम्मी, बिल्कुल समझ गया।' ऋषभ मुस्कराते हुए बोला। 'तो करो प्रॉमिस कि आगे से एक-एक कागज का मोल समझोगे और इन्हें कभी बर्बाद नहीं करोगे।' मम्मी ने प्रॉमिस के लिए आगे हाथ बढ़ाया।

ऋषभ ने भी मजबूती से अपना हाथ वादा निभाने के लिए मम्मी के हाथ में थमा दिया और दोनों जोर से हंस पड़े। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## हंसाते-गुदगुदाते बाल गीत

बच्चो, तुम्हें ऐसे बालगीत मिल जाएं, जो गुनगुनाने के साथ हंसाएं भी तो तुम्हें जरूर मजा आएगा। ऐसे ही बालगीतों का एक नया संग्रह आया है 'नानी जी की मोरनी।' इसके रचयिता हैं शिवचरण चौहान। इस संग्रह में 26 बालगीत संकलित हैं। संग्रह के सभी बालगीत तुम्हें हंसाएंगे-गुदगुदाएंगे। इनकी राइमिंग इतनी बेहतरीन है कि इन बाल गीतों को पढ़ते हुए तुम इन्हें गाने से खुद को रोक नहीं पाओगे। बच्चो, इस संग्रह में शामिल बाल गीतों में तुमको विषयों की विविधता भी मिलेगी। इस कारण इन्हें पढ़ते हुए रोचकता बनी रहेगी। 'नानी जी की मोरनी', 'चाचा और मामा', 'बागड़ बिल्ला', 'बर्फी या रसगुल्ला' जैसे कई बाल गीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। 'दाऊ और कन्हैया' और 'मूषक और गणेश' पढ़ते हुए तुम्हें 'लिटिल कृष्णा' और 'बाल गणेशा' याद आएंगे। संग्रह में तुम्हारे फेवरेट कॉमिक कैरेक्टर 'चाचा चौधरी' पर भी एक बालगीत मिलेगा, जिसका शीर्षक है, 'मूंछों वाले चाचा।'





बच्चो, इस किताब में ज्यादातर बाल गीतों के साथ मोहक चित्र भी हैं, जो संग्रह की सुंदरता को और बढ़ाते हैं। *

**किताब:** नानी जी की मोरनी (बाल गीत संग्रह), **लेखक:** शिवचरण चौहान, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** रवीना प्रकाशन, दिल्ली

ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों इस बात से दुखी, चिंतित थीं कि असुरक्षित पर्यावरण के कारण तीनों का अस्तित्व खतरे में है। तभी तीनों ने पृथ्वी पर बच्चों को कुछ ऐसा करते देखा कि उनके भीतर नई उम्मीदें जागीं। ठंडी, गर्मी और बारिश ने बच्चों को ऐसा क्या करते देखा

# उम्मीद अभी बाकी है





कहानी
उपासना बेहार

ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों सखियां मजे से साथ-साथ रहती थीं। इनको चार-चार माह काम पर जाना पड़ता था। तीनों सखी अपने काम को बखूबी निभा रही थीं। जिसका जब समय आता, वह अपने निर्धारित महीने काम पर चली जाती। लेकिन पिछले कुछ सालों से इनके काम पर जाने के समय में गड़बड़ी होने लगी है। गर्मी को ज्यादा समय काम करना पड़ रहा है, जबकि बारिश और ठंड के काम का समय कम हो गया है। कभी-कभी तो यह होता है कि बारिश बेसमय ठंड के और गर्मी के घर जाकर गिर पड़ती है। तीनों इस बदलती हुई परिस्थिति को देख हैरान हैं।

एक दिन ठंड ने गर्मी से कहा, ' सखी, तुम भाग्यशाली हो अब तुम्हारा समय ज्यादा हो गया, लेकिन मेरा और बारिश का समय घट गया है, हमारे समय को भी तुम लेती जा रही हो।' गर्मी गंभीर होकर बोली, 'तुम्हें क्या पता, मैं इस आग उगलते मौसम में कैसे रहती हूं, पूरी झुलस जाती हूं। मैं तो बिल्कुल नहीं चाहती कि ज्यादा समय रहूं, लेकिन इन इंसानों ने अपने स्वार्थ के चलते धरती से बेहिसाब पेड़-पौधे काट डाले हैं। अब भी रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेड़-पौधों के बिना तो हम तीनों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यही स्थिति रही तो एक दिन यह पृथ्वी भी नहीं रहेगी।' बारिश बहुत देर से इन दोनों की बातें सुन रही थी, उसके आंख में आंसू आ गए, वह बोली, 'आप दोनों सही बोल रही हैं, पृथ्वी विनाश की और बढ़ रही है। इंसान अपनी विलासिता पर ही केवल ध्यान दे रहा है। पहले पेड़-पौधों को काटकर गर्मी बढ़ा ली। अब गर्मी से बचने के लिए एसी लगा कर वातावरण को और गर्म कर रहे हैं। वो यही नहीं रुके हैं, अब तो शक्तिशाली बम बना रहे हैं, इसका उपयोग कर रहे हैं। इससे भी वातावरण प्रदूषित होता है।' गर्मी दुखी होकर बोली, 'अब कोई आस नहीं बची है, जिस दिशा में इंसान जा रहा है, वो समय ज्यादा दूर नहीं है, जब हम धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे और यह दुनिया भी।'

तीनों सहेलियां अपने आपको असहाय महसूस कर रही थीं। तभी ठंड ने कहा, 'देखो सखी, वो है हमारी उम्मीद की किरण।' गर्मी और बारिश ने उस तरफ देखा। धरती पर बहुत सारे बच्चे पेड़ लगा रहे थे। बारिश ने खुश होकर कहा, 'मैं जाकर उनकी मदद करती हूं। थोड़ा पानी दे देती हूं, जिससे पेड़ अपनी जड़ मिट्टी में जमा लेंगे।' यह कहकर वह बरसने चली गई।

गर्मी भी बोली, 'चलो मैं थोड़ा ताप कम कर देती हूं, जिससे बच्चे आराम से पेड़ लगा सकें।' यह बोलते हुए गर्मी भी चली गई।

ठंड कैसे पीछे रहती उसने सोचा, 'मैं भी हल्की-हल्की हवा चला कर उन बच्चों को प्यार करती हूं।' तीनों सहेलियां नए सिरे से उत्साह से भर गईं। *

कविता
नरेंद्र सिंह नीहार



## सर्दी की आहट

चुपके-चुपके हौले-हौले,
माह नवंबर खिड़की खोले,
सर्दी के मौसम की आहट,
बाबू जी अम्मा से बोले।
ठंडी हवा पहाड़ों वाली,
मानो बजा रही हो थाली।
स्वेटर मौजे टोपी पहनो,
आई सर्दी कंबल वाली।
सुबह देर से आता सूरज,
सबके मन को भाता सूरज।
जल्दी-जल्दी शाम ढले,
घर को अपने जाता सूरज
थोड़ी गर्मी थोड़ी सर्दी,
नरम धूप की उजली वर्दी।
दिन भी लगते सरस सुहावन,
खान-पान में मौजा कर दी।
सेहतमंद है सरसों-पालक,
गाजर, मूली खाते बालक।
गजक, रेवड़ी, मूंगफली,
भर-भर जेबें लाते बालक।।

## हंसगुल्ले



**पिंकी:** अगर नदी में नीबू का पेड़ लगा है तो तुम नदी में जाकर नीबू कैसे तोड़ोगी?
**मिंकी:** चिड़िया बनके।
**पिंकी:** तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**मिंकी:** वही जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया है।
-आशीष, रायपुर

**राजू:** मम्मी, मुझे कुछ ऐसी चीज खाने को दो, जो कभी खत्म ही न हो।
**मम्मी:** ये ले बेटा, च्युइंगम खा।
-शोभित, रोहतक





छोटी कहानी
सिराज अहमद

## फूल, तितली और चींटी

एक बगीचे में एक सुंदर फूल खिला हुआ था। सुबह की धूप में जब तितली वहां आकर बैठी तो फूल मुस्कुरा उठा। लेकिन उसी फूल पर पहले से एक चींटी आराम से लेटी हुई थी। तितली के बैठते ही फूल हल्का-हल्का हिलने लगा, जिससे चींटी की नींद टूट गई। उसे यह अच्छा नहीं लगा। वह गुस्से से बोली, 'तुम किसी और फूल पर जाकर बैठो, यह मेरी जगह है!'

तितली ने जवाब दिया, 'फूल सबके लिए है, तुम्हारे अकेले का नहीं।' इस बात को लेकर दोनों में थोड़ी कहा-सुनी हो गई।

यह देखकर फूल ने धीरे से बोला, 'जब मुझे तुम दोनों के साथ बैठने पर कोई आपत्ति नहीं, तो तुम्हें क्यों है?'

फूल की बात सुनकर चींटी को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने तितली से माफी मांगी। अब दोनों फूल पर साथ बैठ गईं। हवा चली तो फूल झूले-सा झूलने लगा। और दोनों मुस्कुराते हुए उसमें झूलने लगीं। *

## जीके क्विज-180

1. हाल ही में साल 2025 का बुकर लिटरेचर प्राइज किस लेखक को प्रदान किया गया?
2. इन दिनों अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. बिहार के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
4. यूनेस्को के रचनात्मक शहर नेटवर्क में शामिल होने वाला भारत का 9वां शहर कौन-सा है?
5. भारत में रेलवे नेटवर्क की शुरुआत का श्रेय किस ब्रिटिश गवर्नर जनरल को जाता है?
6. 'हितोपदेश' के लेखक कौन हैं?
7. रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) नामक बीमारी किस विटामिन की कमी से होती है?
8. पृथ्वी के सबसे निकट का तारा कौन-सा है?
9. मणिपुर की राजधानी कहां है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य का प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-180 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-179 का उत्तर:** 1.शेफाली वर्मा, 2.नरेंद्र मोदी, 3.छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन, 4. 20 नवंबर, 5. 14 नवंबर, 6.ऊंट, 7.बिहार, 8.शतरंज, 9.कोलंबो, 10.देवेंद्र फडणवीस

**जीके क्विज-179 का सही उत्तर देने वाले:** दित्या-रायपुर, कबीर-हिसार, मन्नत-कैथल, शरद-रायगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, प्रवीण-रायगढ़, अनूप-रायगढ़, आयुष-ईमेल से, कनक-बिलासपुर, अमन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, पूनम-बालोद

## अंतर बताओ

बच्चो, पर्यावरण स्वच्छ रहे, इसके लिए सबसे पहले हम अपने घर को साफ-सुथरा रखें। यहां अपने घर की सफाई कर रही लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये आठों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी आठ अंतर खोजो।



## रास्ता खोजो

बच्चो, दिए गए चित्र में कुछ लिटिल एनिमल्स अपनी मां से बिछड़ गए हैं। इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम इन्हें इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता बताकर इनकी मदद तो करो जरा।



# खबर संक्षेप

## नशीले कैप्सूल सहित दो युवक गिरफ्तार

**कालांवाली।** पुलिस ने हुडा कॉलोनी क्षेत्र से दो लोगों नवदीप सिंह व दिनेश कुमार को काबू कर 855 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मेडिकल नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए उन्होंने अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान हुडा कॉलोनी में उन्होंने शक के आधार पर दो युवकों को रोककर तलाशी ली तो उनके कब्जा से नशे में प्रयुक्त होने वाले 855 कैप्सूल सिगनेचर के बरामद हुए।

## गोदाम से सरसों चोरी के तीन आरोपी दबोचे

**कालांवाली।** पुलिस ने गांव कालांवाली में सरसों के गोदाम में हुई चोरी की वारदात के तीन आरोपियों को रोड़ी रोड हुडा कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि लवकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक गोदाम नजदीक कांडा फैक्ट्री स्थित ह जिसमें उसने सरसों का स्टॉक किया हुआ है। 18 नवंबर की सुबह जब उसने गोदाम में जाकर देखा तो गोदाम का ताला टूटा हुआ था और सरसों चोरी हुई पाई।

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

**सिरसा।** हरियाणा गवर्नमैंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन टाऊन पार्क में बैठक की। यूनियन के प्रधान रमेश कुमार ने सभी कर्मचारियों को संगठन की मुख्य लम्बित पड़ी कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान करने की अपील की।

## एडीआर सेंटर में वर्कशॉप का आयोजन

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीरवार को स्थानीय एडीआर सेंटर में वर्कशॉप आयोजित की गई। वर्कशॉप में श्रमिक सुरक्षा अभियान और सीडब्ल्यूपी पीआईसी 110 2024 के निर्देशानुसार लीगल सर्विसेज अथॉरिटी एक्ट 1987 के तहत दिव्यांगजन के कानूनी अधिकार संबंधित जानकारी पैनल एडवोकेट बलबीर कौर गांधी और डिप्टी एलएडीसी कंवरजीत सिंह गिल ने दी। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर, आशा वर्कर्स, पब्लिक हेल्थ वर्कर्स मौजूद रहे।

## 67900 रुपये की जुआ राशि सहित पांच दबोचे

**सिरसा।** रानियां थाना पुलिस ने गश्त के दौरान गांव खारियां क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 5 लोगों को 67900 रुपए की जुआराशि व ताश के पत्तों सहित काबू किया है। रानियां थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुरविंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान संजय, जगदीश कुमार निवासियान गांव खारियां, पदम कुमार निवासी वार्ड नंबर 7 कालांवाली, राजकुमार व विनोद कुमार निवासियान गांव खारियां जिला सिरसा के रुप में हुई है।

## पारिवारिक विवाद में दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पारिवारिक विवाद में मारपीट करने व धमकी के एक मामले में रतिया पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मिंद्र सिंह उर्फ बिंद्र सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी जटाना कलां, थाना सरदुलगढ़, जिला मानसा, पंजाब व गुरमेज सिंह उर्फ हरमेज सिंह निवासी सहनाल के रूप में हुई है।

## अवैध हथियार मामले में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजय उर्फ विजय सोनी पुत्र रामकुमार उर्फ रामकुवंर निवासी सुभाष नगर, कैथल के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 17 नवंबर को पुलिस पार्टी रूटीन गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज पिस्तौल 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

---

### एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों ने ली समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ

# समाज को नशामुक्त करने के लिए युवा पीढ़ी का जागरूक होना बेहद जरूरी : डॉ. मीनाक्षी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस विभाग द्वारा 'नशामुक्त अभियान' के अन्र्तगत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की और संचालन यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर डॉ. मीनाक्षी कोहली ने किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिक को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे जागरूक करना और समाज को नशामुक्त करने में सक्रिय योगदान देना रहा। डॉ. मीनाक्षी कोहली ने विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की शपथ ली।

इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी कोहली, प्रो. प्रतिभा मखीजा, डॉ. भव्या मुखी, प्रो. तारिका नारंग, प्रो. कान्ता सिंगला, नीरज कुमार, प्रीत कौर, वंदना, राजदीप कौर, अंजलि शर्मा, रूपिन्द्र, अमिति, आशा रानी सहित कॉलेज के अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने नशे के सामाजिक, आर्थिक और मानसिक दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए बताया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। नशा आज हमारे समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए एक गंभीर अभिशाप बन गया है। युवा पीढ़ी अगर जागरूक होगी तभी नशामुक्त समाज का सपना साकार हो सकता है।

डॉ. मीनाक्षी कोहली ने विद्यार्थियों को शपथ दिलवाते हुए कहा कि हम सभी मिलकर यह प्रण लें कि हम न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इस बुराई से मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। तभी हम वास्तव में एक स्वस्थ और समृद्ध भारत का निर्माण कर पाएंगे।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास। *फोटो : हरिभूमि*

### नशामुक्त समाज के लिए युवा निभाएं अग्रणी भूमिका

*ओढां। नशा समाज के लिए बहुत बड़ा खतरा है। यह न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उक्त विचार बडागुढ़ा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने पीएम श्री स्कूल बडागुढ़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ के सदस्यों को नशे के खिलाफ जागरुक करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नशे के कारण व्यक्ति की सोच और व्यवहार में बदलाव आता है, जिससे वह अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर पाता है। उन्होंने कहा कि नशे का समाज और परिवार पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नशा समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है। नशे के कारण समाज में अपराध और हिंसा बढ़ती है, जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है। नशे से बचाव के लिए सरकार, सामाजिक संगठनों और परिवारों को मिलकर काम करना चाहिए। इसके लिए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशा बेचने वालों की सूचना निसंकोच होकर पुलिस को सूचना दें ताकि नशे पर अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अलावा स्कूल के मुख्याध्यापक व स्टाफ सदस्य मौजूद थे।*

### नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम में सिरसा जिला रहा प्रथम

*सिरसा। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम में सिरसा जिला ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले में अब तक 88,200 लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से तथा 10,145 लोगों ने क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन माध्यम से नशा विरोधी शपथ ली है। साथ ही 1,200 अधिकारी एवं कर्मचारी, 25,000 महिला तथा 62,000 से अधिक युवाओं ने इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन प्रयासों के बल पर सिरसा ने राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने जिला के सभी विभागों विशेष रूप से शिक्षा, पुलिस, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य तथा खेल आदि विभागों की टीम सहित सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अभियान में जिले की निरंतर उत्कृष्टता सभी विभागों के सामूहिक प्रयास और जनता के सहयोग का परिणाम है। जिला प्रशासन आगे भी अभियान को और व्यापक रूप से लागू कर सिरसा को नशा मुक्त जिले का मॉडल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने बताया कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लघु सचिवालय के सभागार सहित जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसमें सिरसा एवं डबवाली पुलिस प्रशासन द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। पांच वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए नशा मुक्त भारत अभियान ने जन-जागरूकता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। केंद्र और राज्य सरकार ने विभिन्न माध्यमों-रैलियों, कार्यशालाओं, जनसंवाद और डिजिटल अभियान के जरिये समाज के सभी वर्गों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि जिले में स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों व विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से निरंतर जागरूकता गतिविधियां चलाई गई हैं।*

---

### 'मेरा परिवार-नशामुक्त परिवार'

# जिले के हर गांव-हर घर तक पहुंचेगी पदयात्रा : भवानी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



- लोगों को नशे के दलदल से बाहर निकालता उद्देश्य

जिला फतेहाबाद से नशा तस्करी रूपी समाज के दुश्मनों को जड़ से खत्म करने और युवाओं व समाज को नशे जैसे सामाजिक बुराई से बचाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 'मेरा परिवार-नशामुक्त परिवार' अभियान के तहत 'एक पदयात्रा नशे के खिलाफ' निकाली जाएगी। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में यह यात्रा 21 नवंबर शुक्रवार को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय, फतेहाबाद से रवाना होगी। इस पदयात्रा को फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जानकारी देते हुए महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने बताया कि इस पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे जागरूक कर उन्हें इस दलदल से बाहर निकालना और समाज को नशामुक्त करना है। इसके अलावा ऐसे युवाओं की पहचान करना जो युवा नशे की चपेट में आ चुके हैं। ऐसे युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालकर उपचार करवाना और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना ही इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य है।

### युवाओं को जागरूक करने की अपील

यह पदयात्रा के दौरान ट्रस्ट के सदस्य जिले के हर गांव और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जिलेभर के गांवों में युवाओं की टीमों का गठन किया जा रहा है। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों खासकर युवाओं को शपथ दिलाई जाएगी कि वह अपने परिवार को नशामुक्त परिवार बनाएंगे और देश के विकास में अपना योगदान देंगे। वह अपने परिवार, दोस्तों और समाज को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि पदयात्रा को लेकर ट्रस्ट द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इस पदयात्रा को लेकर युवाओं में भी काफी उत्साह है। भवानी सिंह ने अपील की है कि समाज के सभी वर्गों के लोग इस पदयात्रा के साथ जुडक़र इस सामाजिक कार्य में अपना योगदान दें।

---

# मुख्यमंत्री यात्राओं की बजाए प्रदेश की जनता की यातनाओं पर दें ध्यानः दुष्यंत चौटाला

### कहाः जेजेपी की जुलाना रैली होगी ऐतिहासिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी के आठवें स्थापना दिवस पर जींद जिले के जुलाना में 7 दिसंबर को ऐतिहासिक रैली होगी जिसमें जेजेपी की भविष्य की रणनीति तैयार होगी वहीं प्रदेश सरकार की विफलताओं को भी उजागर किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला गुरुवार को सिरसा में मीडिया कर्मियों से रूबरू हो रहे थे। इससे पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय चौटाला व दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान जहां प्रदेश का हर वर्ग सरकार की गलत नीतियों से परेशान है वहीं कानून व्यवस्था की लचर स्थिति ने भी सरकार के ढीले प्रबंधों की पोल खोल दी है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा सरकार की ओर से आरंभ की गई लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर जिस प्रकार गरीब परिवारों के राशन कार्ड काटे गए और उनकी पेंशन को भी प्रभावित किया गया है, वह निंदनीय है। हरियाणा में कानून व्यवस्था की गिरती व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि किस प्रकार लालकिले के समीप हुए बलास्ट के तार हरियाणा के फरीदाबाद की एक यूनिवर्सिटी से जुड़े मिले, यह सभी के लिए चिंतनीय है। उन्होंने इसे इंटलीजेंस का फेलयोर बताया। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस बड़े व गंभीर मामले में जिस भी सतर्कता अधिकारी अथवा कर्मचारी का दोष पाया जाए, उसके खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।


सिरसा। मीडिया से बातचीत करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला। *फोटो : हरिभूमि*

### सैकड़ों करोड़ रुपये की नकली बिलिंग

चौटाला ने कहा कि हरियाणा में हुए धान के घोटाले के लिए प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सैकड़ों करोड़ रुपए की नकली बिलिंग हुई और करोड़ों रुपए फर्जी खातों में डालकर इस घोटाले को अंजाम दिया गया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वर्ष 2019 की तर्ज पर हरियाणा सरकार को प्रदेश के सभी मिलर्स की फिजिकल वैरिफिकेशन करवानी चाहिए। धान की इनकमिंग व डिस्पैच की जांच कर जो भी अधिकारी इसमें दोषी सिद्ध हो, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने धान के साथ-साथ बाजरे की फसल में भी खरीद बेच में हुई लूट के आरोपी अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की सरकार से मांग की।

## भारत निर्माण में पटेल का अविस्मरणीय योगदानः डॉ. गोदारा

**सिरसा।** डाइट, डिंग में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं संविधान दिवस के उपलक्ष्य, इन विषयों से संबंधित विभिन्न प्रकार की पीपीटी एवं ई-कंटेंट का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न खंडों के विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने भाग लिया। जिसमें अध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा जन जातीय गौरव दिवस, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं संविधान दिवस से संबंधित अपनी पीपीटी एवं ई कंटेंट प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे सत्र में डाइट विषय विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम कोर्डिनेटर डॉ. दलीप सिंह गोदारा ने सरदार पटेल का आधुनिक भारत निर्माण में योगदान के बारे में तथ्यपूर्ण प्रस्तुति देते हुए कहा कि सरदार पटेल का आधुनिक भारत निर्माण में अविस्मरणीय योगदान रहा। पटेल सही मायनों में एकीकृत और सशक्त भारत के रचनाकार थे।

# स्वर्ण आभूषण व नकदी चोरी के दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने घर में घुसकर स्वर्ण आभूषण व नकदी चोरी के मामले में दो अन्य आरोपियों को रानियां क्षेत्र से काबू किया है। रानियां थाना प्रभारी गुरविंदर सिंह ने बताया कि रानियां क्षेत्र के गांव दारेवाला निवासी महताब सिंह पुत्र जगतार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 16 सितंबर की रात्रि को कुछ अज्ञात लोगों ने उसके घर में घुसकर सोने के आभूषण व नकदी चोरी की वारदात को अंजाम देकर मौका से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर रानियां थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान रानियां थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों भरत पुत्र रामचंद्र, जय प्रकाश पुत्र साधु राम निवासी गांव जोधपुरिया जिला सिरसा को नजदीक बस स्टैंड गांव जोधपुरिया से गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि रानियां थाना पुलिस ने इस मामलें में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की राशि व स्वर्ण आभूषण बरामद कर जेल भेज दिया था। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## जेजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन




**सिरसा।** जेजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर वीरवार को एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर ओम ग्लोबल स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी, हिसार की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशा यादव शामिल हुईं। गुरुद्वारा भगत सिंह कॉलोनी, सिरसा के ग्रंथी भाई भजन सिंह ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, बलिदान और शहादत पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को उनकी शिक्षाओं पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्य वक्त डॉ. आशा यादव ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान सिर्फ सिख समुदाय के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए एक अमर संदेश है। उनकी शहादत हमें साहस और भक्ति के पथ पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि आज 350 वर्ष के बाद भी उनका त्याग और बलिदान उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय पर था। गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएं हमें प्रकाश की तरह रास्ता दिखाती हैं। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुमित्रा चाहर, हरीश मिगलानी, डॉ. शर्मिला रोहिला, डॉ. सपना, डॉ. दीपिका, कुलदीप सिंह, रमन स्वामी, मोहित, करमजीत और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. आशा यादव को कालेज प्रबंधन द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं किसानः डॉ. केहरवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रवक्ता डॉ. गंगासागर केहरवाला ने कहा कि पीएम किसान स मान निधि की 21वीं किस्त जारी कर किसानों को नए साल से पूर्व शानदार तोहफा दिया है। डॉ. केहरवाला ने जारी बयान में कहा कि सरकार की कृषि क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही बेहतर योजनाओं का ही परिणाम है कि अब प्रदेश का किसान विकास की मुख्यधारा के साथ जुड़ रहा है। किसान तरक्की के रास्ते पर निरंतर आगे बढ़ रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जाता है। सरकार ने इस योजना के तहत 20 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि सीधे खातों में भेजकर सिरसा के 120144 किसानों को लाभांवित किया है।

### कृषि व्यवस्था में हरियाणा अग्रणी

डॉ. केहरवाला ने कहा कि बेहतर कृषि व्यवस्था व सुविधाओं की दृष्टि से हरियाणा पूरे भारत में अग्रणी है, इसलिए सबसे ज्यादा खुशहाल किसान हरियाणा का है। उन्होंने कहा कि बिजली, टेल तक पानी पहुंचाने, सीधे खाते में योजनाओं का लाभ पहुंचाने जैसी सुविधाओं की सौगात सरकार ने किसानों को दी है। सरकार गरीब, किसान, मजदूर सभी वर्गों के लिए समान रूप से काम कर रही है। यही नहीं, योजनाओं को धरातल स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए अधिकारियों को जवाबदेही भी तय की गई है, ताकि किसानों को योजनाओं का त्वरित लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

**प्रतियोगिता** पुलिस ने आधारित ब्लॉक स्तर की परीक्षा का किया आयोजन

# 7700 स्कूली बच्चों ने यातायात नियमों पर आधारित परीक्षा में लिया भाग

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सम्पन करवाने में स्थानीय शिक्षा विभाग का रहा योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात नियमों पर आधारित ब्लॉक स्तर की परीक्षा का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फैसल खांन व डीएसपी संजीब बल्हारा ने स्वयं स्कूलों में पंहुचकर यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के बारे में जानकारी हासिल की।

एएसपी फैसल खांन ने बताया कि इस परीक्षा में जिला भर के सभी स्कलों के करीब 7700 स्कूली विधार्थियों ने यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन करवाने में स्थानीय शिक्षा विभाग का काफी योगदान रहा है।

उन्होंने आमजन व स्कूली बच्चों से आह्वान करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों को अपने मन से अपनाए न कि पुलिस के भय से। उन्होंने कहा कि बचपन के समय सीखी हुई बाते बच्चे जिंदगी भर याद रखते हैं, इसीलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को बचपन में ट्रैफिक निमयों के बारे में अच्छी शिक्षा दें ताकि वे भविष्य में अच्छे नागरिक साबित हो सकते हैं,क्योंकि की बचपन का समय स्वर्णिम कॉल होता है तथा सीखने और सीखाने का सही समय होता है । उन्होंने जिला के सभी स्कूल व कॉलेजो के विधार्थियों से आह्वान किया है कि वे यातायात नियमों की स्वयं पालना कर अपने आसपास के लोगों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करें ताकि यातायात व्यवस्था को और अधिक सदृड़ बनाया जा सके।


सिरसा। यातायात नियमों पर आधारिरत प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### प्रशासन समय-समय पर जागरुक कर रहा

एएसपी ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सदृढ व सुचारु बनाने व लोगों का जीवन सुरक्षित रखने के लिए लगातार सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से आमजन व स्कूली बच्चों को यातायात नियमों बारे विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है, जिसके काफी सार्थक परिणाम आ रहे है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना कर बच्चे यातायात व्यवस्था को व्यवस्था को सदृढ़ बनाने में अहम योगदान दे सकते है। एएसपी फैसल खांन ने अभिवावकों से अपील करते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलानें दें। ट्रैफिक नियमों पर आधारित परीक्षा को लेकर स्कूली बच्चे काफी उत्साहित थे । इस अवसर पर डीएसपी संजीव बल्हारा ने उपस्थित बच्चों से कहा कि हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण होता है,जीवन को सुरक्षित रखना स्वयं की जिम्मेदारी है । थोड़ी सी एहतियात बरतने से बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (51 से 100)

❖ पंजाब सिंह सुपुत्र स्व. श्री लहरी सिंह, म. नं. 1337, अर्बन स्टेट, जीन्द ❖ हंस राज चुघ सुपुत्र श्री चम्बा राम, म. नं. 318/3, हकीकत नगर, रेलवे रोड, जीन्द ❖वजीर सिंह सुपुत्र श्री भले राम, गांव बरसाना, खुंगा कोठी, जीन्द ❖ रचित एवं देव सुपुत्र श्री दीपक, एम्प्लॉयी कॉलोनी, गोहाना बाई पास, जीन्द ❖ सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री अजित सिंह, गुलमोहर सिटी, ई-507, कैथल ❖ राम सिंह सुपुत्र श्री नेकी राम, बालू बिडन पट्टी, कलायत, कैथल ❖ देवांशी सुपुत्री श्री गोपाल कृष्ण, कुलवन्त नगर, वार्ड नं. 14, कलायत, कैथल ❖ कशमीरी लाल सुपुत्र श्री काशी राम म. नं. 562/14, आदर्श नगर, कैथल ❖ राममेहर सुपुत्र श्री ज्ञानी राम, गांव व डा. रामराये, जीन्द ❖ मनीष सिंह सुपुत्र श्री दौलत सिंह, गांव न्यौला, झज्जर ❖ जय सिंह सुपुत्र श्री रामचन्द्र, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ बाल किशन सुपुत्र श्री सोनीराम, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ लक्षिता सुपुत्री श्री कवंर सिंह, गांव जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामसिंह गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जगदेव सिंह सुपुत्र श्री सिंह राम, ऋषि कॉलोनी झज्जर ❖ सुनील कुमार सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, बिरहड़, झज्जर ❖ राजेश कुमार सुपुत्र श्री सत्यपाल गांव लडायन, मातनहेल, झज्जर ❖ बलराम रोहिया सुपुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह रोहिया, बिरडू मातनहेल, झज्जर ❖ श्री सुरेश कुमार सुपुत्र श्री राममेहर, गांव खांडा, खरखौदा, सोनीपत ❖ महाबीर पुत्र श्री बाहल सिंह निवासी 605/25, आर्य नगर सोनीपत ❖ आयुष पुत्र श्री बिजेन्द्र निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जय नारायण, ओमेक्स सिटी, विला नं. 258, ब्लॉक-ए, सेक्टर-8 सोनीपत ❖ पवन कुमार सुपुत्री श्री ओमप्रकाश खत्री, भगत सिंह कॉलोनी, सोनीपत ❖ कृष्ण कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री ज्ञानी राम जांगड़ा, वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ जगमत सुपुत्र श्री जयपाल, गोच्छी, बेरी, झज्जर ❖ प्रेम सिंह सुपुत्र श्री नेता राम, बेरी, झज्जर ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं.देवी दत्त निवासी मकान नं.19/150, नई बस्ती, गली नं.1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ दयाराम पुत्र श्री कमलेश निवासी आर्य नगर, गली नं.2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ उमेश पुत्र श्री हवासिंह निवासी 12/410, सैनीपुरा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश शर्मा सुपुत्र श्री जगननाथ प्रसाद, रेलवे रोड, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ अमीर चन्द्र सुपुत्र श्री राधे श्याम, गीता कॉलोनी, वार्ड नं. 6, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ हरीराम टेलर सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव गुढ़ा केमथा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ नांरग लाल सुपुत्र श्री मनीराम, गांव मोहनपुर, नांगल, महेन्द्रगढ़ ❖ लव्या सुपुत्री श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनीता धर्मपत्नी श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ पुष्पा धर्मपत्नी श्री घनश्याम, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम धर्मपत्नी श्री छाजूराम नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ भरतराम प्रजापत सुपुत्र श्री भगवान दास गांव व डा. नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सरोज देवी बंसल धर्मपत्नी श्री रामकुमार बंसल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव शंकर शर्मा सुपुत्र श्री मंगतु रामजी शर्मा, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम भारद्वाज,नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ विवेक कुमार सुपुत्र श्री रतिराम, वार्ड नं. 4, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सतीश सुपुत्र श्री रतनलाल प्रजापत, गांव वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ अरूण कुमार सुपुत्र श्री कन्हैया लाल, पालतीमान, नजदीक गुरूद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ यश सुपुत्र श्री जोगेन्द्र, मन्नू नगर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ निरंजंन लाल शर्मा सुपुत्र श्री गणेश लाल शर्मा, सेका, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव हरी चन्द्र अग्रवाल सुपुत्र श्री अमर चन्द्र, गुरुनानक पुरा नजदीक बड़ा गुरुद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यनारायण सुपुत्र श्री रामप्रसाद, गांव बजाड़, महेन्द्रगढ़।

*क्रमशः*

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## खबर संक्षेप

### जेएनवी में हुई मॉडल यूथ ग्राम सभा

**ओढां।** पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, ओढ़ा में मॉडल यूथ ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने ग्राम शासन की प्रक्रियाओं का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ग्राम पंचायत ओढ़ा के सरपंच संदीप सिंह थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य ललित कालड़ा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय कौशल और सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करती हैं।

### समाधान शिविर में आई 12 शिकायतें

**सिरसा।** जिला प्रशासन द्वारा जिला व उपमंडल स्तर पर वीरवार को आयोजित समाधान शिविरों में 12 शिकायतें आई। स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने आमजन की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को तत्परता से समाधान के निर्देश दिए। शिविर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### ग्रामीणों को बताया जाएगा स्वच्छता का महत्व

**सिरसा।** हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाएगा। यह अभियान 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र ने वीरवार को स्थानीय पंचायत भवन में अभियान की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए सरपंचों व विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर बीडीपीओ सिद्धार्थ स्टालिन सचदेवा, सार्थक श्रीवास्तव, डीपीएम सुखविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने की इंडस्ट्रियल विजिट, ली जानकारी

**ओढां।** चौधरी देवीलाल राजकीय अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान पन्नीवाला मोटा के मैकेनिकल इंजिनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय सुब्रोज कंपनी, मानेसर में इंडस्ट्रियल विजिट कम प्रेक्टीकल ट्रेनिंग सत्र का आयोजन हुआ। इस विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने प्रैक्टीकल स्तर के कई उपकरणों की जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि सुब्रोज कंपनी में बनाए जाने वाले यह पार्ट मारूती कंपनी के साथ-साथ जापान की कंपनियों को भी निर्यात किए जाते है। इस इंडस्ट्रियल विजिट कम प्रेक्टीकल ट्रेनिंग सत्र में विजिट इंचार्ज उत्कर्ष राय ने विद्यार्थियों को कंपनी में बनने वाले उपकरणों की जानकारी दी।

### हेरोइन सहित करनाल का युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराध शाखा रतिया पुलिस टीम ने क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समरजीत सिंह पुत्र बिरा राम निवासी करनाल के रूप में हुई है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरिक्षक रिछपाल ने बताया कि पुलिस टीम रूटीन गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक घग्घर नाली पुल बाईपास रतिया के पास संदिग्ध अवस्था में नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है।

### जाखल पुलिस ने दो युवकों को किया काबू

**फतेहाबाद।** अवैध तरीके से फसल काटकर बेचने, मारपीट करने और धमकी देने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोहन सिंह उर्फ राम सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी टिब्बा कॉलोनी, रतिया, जिला फतेहाबाद वा मिठु सिंह पुत्र लाभ सिंह निवासी फतेहपुरी, थाना सदर टोहाना के रूप में हुई है। जाखल थाना प्रभारी उप-निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता गमदूर सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ढाणी बबनपुर ने दी थी शिकायत।

---

### हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर फतेहाबाद में भूख हड़ताल

# सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोपा लगाकर किया प्रदर्शन

**कर्मशाला प्रांगण में दिए गए धरने की अध्यक्षता डिपो प्रधान शिव कुमार श्योराण ने की**

*रोडवेज नेताओं ने कहा कि जनता का पैसा प्राइवेट बस मालिकों को दोनों हाथों से लुटाया जा रहा है। कोरोना काल में रोडवेज की बस और रोडवेज कर्मचारियों ने यूपी, बिहार जैसे दूर दराज के इलाकों में लोगों को गनतव्य तक पहुंचाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार की वायदाखिलाफी और अपनी लंबित मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने आज हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर फतेहाबाद में भूख हड़ताल की। कर्मशाला प्रांगण में दिए गए धरने की अध्यक्षता डिपो प्रधान शिव कुमार श्योराण ने की और संचालन वीरेंद्र कुलेरी ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला पूर्व प्रधान बेगराज ने रोडवेज कर्मचारियों को फूलमाला पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया। इस भूख हड़ताल में विशेष रूप से सिरसा डिपो प्रधान, फतेहाबाद डिपो प्रभारी व प्रदेश प्रवक्ता पृथ्वी सिंह चाहर व सिरसा डिपो सचिव सतपाल सिंह रानियां ने भाग लिया। उपप्रधान राजकुमार बीघड़ व कैशियर जोगिंदर सिंह रेड्डू ने कहा कि सरकार व परिवहन मंत्री द्वारा रोडवेज कर्मचारियों को बुलाकर भी उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा। ऐसे में प्रदेशभर के रोडवेज कर्मचारी 22 फरवरी 2026 को परिवहन मंत्री के कैम्प कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में फतेहाबाद जिले से भी रोडवेज कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। रोडवेज नेताओं ने कहा कि जनता का पैसा प्राइवेट बस मालिकों को दोनों हाथों से लुटाया जा रहा है। कोरोना काल में हरियाणा रोडवेज की बस और रोडवेज कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत करके यूपी, बिहार जैसे दूर दराज के इलाकों में भी मजदूरों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने का काम किया। इन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने की बजाय सरकार ने उन्हें उस समय का ओवर टाइम तक नहीं दिया। उन्होंने मांग की कि कोरोना काल के समय का भुगतान रोडवेज विभाग में भी सरकार द्वारा जमा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने वायदाखिलाफी करते हुए कोरोना काल के दौरान किलोमीटर स्कीम की बसों का संचालन न होने पर भी उन्हें 50 करोड़ रुपए की सौगात दी जा रही है, जिसका रोडवेज कर्मचारी पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा ग्रुप डी के कर्मचारियों को फतेहाबाद डिपो में ओवर टाईम, बकाया नाईट अलाउंस और एलटीसी का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में रोडवेज कर्मचारियों को एक बार फिर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने मांग की कि कर्मचारियों की सभी समस्याओं का बातचीत के जरिए तुरंत समाधान किया जाए। रोडवेज कर्मचारियों के साथ सरकार की दो-तीन दौर की बातचीत में जिन मांगों पर सहमति बनी थी उन मांगों को तुरंत लागू किया जाए अन्यथा रोडवेज कर्मचारी कोई बड़ा आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।



**फतेहाबाद।** भूख हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

- अगर मांगें नहीं मानी गई तो 22 फरवरी के प्रदर्शन में प्रदेशभर के कर्मचारी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे

#### भूख हड़ताल पर बैठने वाले कर्मचारी

भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव रामनिवास शर्मा, कैशियर प्रेम कुमार, रतिया ब्लॉक प्रधान मलकीत सिंह ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल से उठाया। प्रदर्शन में कुलबीर सिंह, इंद्रपाल, रवि कुमार, संदीप कुमार, कुलबीर सिंह, जगबीर सिंह सहित अनेक रोडवेज कर्मचारियों ने भाग लिया।

---

## क्रेसंट स्कूल में काउंसलिंग सत्र का किया गया आयोजन


**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

- यदि विद्यार्थी भी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें, तो वे किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों के विषय में एक प्रभावी काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र वृंदावन से आए ख्याति प्राप्त स्पीकर सिद्धार्थ पन्नू द्वारा संचालित किया गया। सत्र इतना प्रभावशाली एवं प्रेरक रहा कि इसने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन की अनावश्यक आदतों को छोडऩे के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आपके जीवन में असली हीरो आपके माता-पिता हैं जो अपना सब कुछ त्याग कर आपके लिए सब कुछ करते हैं आप उनका सम्मान करें।काउंसलर सिद्धार्थ पन्नू ने महाभारत के महान धनुर्धर अर्जुन का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे अर्जुन ने एकाग्रता, साधना एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर श्रेष्ठता प्राप्त की। उन्होंने समझाया कि यदि विद्यार्थी भी अपने लक्ष्य पर उसी दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करें, तो वे किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी हानिकारक हो सकता है। विद्यार्थियों को मोबाइल उपयोग को सीमित करने के व्यावहारिक उपाय जैसे अध्ययन के समय फोन से दूरी बनाने पर जोर दिया।

#### प्रेरित किया

अंत में प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने सिद्धार्थ पन्नू के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा ज्ञानवर्धक सत्र विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं अनुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थी इस सीख को अपने जीवन में अपनाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएँगे तथा यह प्रेरणादायी सत्र लंबे समय तक विद्यार्थियों के मन पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ता रहेगा।

---

## छात्रों ने किया कोका कोला फैक्ट्री का भ्रमण कंपनी के उत्पादों की जानकारी हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के एमबीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने ग्रेटर नोएडा स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनी कोका कोला हैप्पीनेस फैक्ट्री, मून बेवरेजेज का भ्रमण किया। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजीत कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान एवं प्रबंधन कौशल के विकास के लिए इस इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. समीश खुंगर के नेतृत्व में 38 विद्यार्थियों को इस इंडस्ट्रियल विजिट के लिए ग्रेटर नोएडा भेजा गया। इस अवसर पर प्राध्यापक सचिन शर्मा, रिसर्च स्कॉलर प्रीति सोनी एवं रेस्टोरेर मोनू कुमार भी मौजूद थे। ट्रेनिंग प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. समीश खुंगर ने बताया कि कंपनी की मैनेजर कुमारी ऋतू ने विद्यार्थियों को सर्वप्रथम कंपनी का व्यवहारिक परिचय करवाया। तत्पश्चात कंपनी के ऑटोमैटिक एवं रोबोटिक से सुस्सजित प्लांट का भ्रमण करवाते हुए विभिन्न उत्पादों की उत्पादन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के विभिन्न सवालों का जवाब दिया तथा कंपनी में रोजगार प्राप्त करने के बारे बताया।




---

### लाखों की ठगी करने वाले यूपी के दो काबू

**फतेहाबाद।** टेलीग्राम पर पैसों कमाने का लालच देकर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यम मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा निवासी बरोला माधवपुर, जिला लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश वा शिवम गुप्ता पुत्र अनिल गुप्ता निवासी काशीराम आवास कॉलोनी, जिला लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों से पुलिस ने 13 हजार की राशि बरामद की है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता यसमीन अरोड़ा पुत्र प्रवीण कुमार निवासी अनाज मंडी, रतिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोडक़र रिव्यू टास्क के लिंक भेजे गए।

---

## शहीद देविंदर सिंह को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

- छात्रा कोमल ने शहीद देविंदर सिंह की जीवनी प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

गांव अलावलवास स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रतिया के प्रथम शहीद दविंदर सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन प्रवक्ता मनजीत कौर रंधावा की अध्यक्षता किया गया। इस अवसर पर शहीदी दविंदर सिंह की तस्वीर पर विद्यालय के स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने फूल अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। समारोह में शहीद दविंदर सिंह की जीवनी से संबंधित समान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दसवीं कक्षा की छात्रा कोमल ने शहीद देविंदर सिंह की जीवनी प्रस्तुत की। अंग्रेजी प्रवक्ता अवतार शर्मा ने कहा कि शहीद दविंदर सिंह यादगारी ट्रस्ट द्वारा पिछले लंबे अरसे से लोगों और विद्यार्थियों में शहीद दविंदर सिंह की मानवतावादी व देश पर कुर्बान होने की समर्पित भावना को चेतना रेलियों के माध्यम से जागरूक किया जाता रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें शहीदों की कुर्बानियों को भूलना नहीं चाहिए और अच्छे जिम्मेदार नागरिक बन कर अपना कर्तव्य सच्ची निष्ठा से निभाना चाहिए और यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर स्टाफ सदस्य सुनील कुमार, पिंकू सचदेव, राज कुमार, अमित कुमार, रामधारी सिंह, रवि मेहता, संगीता रानी, अनिता रानी, सरला देवी, अजंता देवी आदि उपस्थित रहे।


**रतिया।** शहीद दविंदर सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए स्टॉफ सदस्य।

---


**ओढां।** ख्योंवाली में आयोजित सेमिनार में भाग लेती महिलाएं।

### सेमिनार में महिलाओं को दी रोजगार की जानकारी

**ओढां।** जीवम फाउंडेशन ख्योंवाली में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में अमरजीत सिंह खाद्य तकनीशियन अधिकारी एवं श्वेता सिंह प्रशिक्षण अधिकारी प्रदर्शन एवं खाद्य प्रसंस्करण केंद्र सिरसा के मार्गदर्शन में गांव की लगभग 70 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, स्व-रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस आयोजन में जीवम फाउंडेशन के स्टाफ सदस्यों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा, जिन्होंने पूरे समर्पण के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। जीवम फाउंडेशन द्वारा नारी उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं, जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

---

## शतचंडी हवनात्मक महायज्ञ व रुद्र यज्ञ आज से होगा शुरू, 29 तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर में विश्व शांति, कल्याण और धार्मिक आस्था के प्रसार हेतु सर्व श्री चंडी माता मंदिर एवं ट्रस्ट द्वारा अशोक नगर स्थित मंदिर में श्री शतचंडी हवनात्मक महायज्ञ और रुद्र यज्ञ का भव्य आयोजन 21 से 29 नवम्बर तक किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर गद्दीनशीन माता सत्यम् देवा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। इस अवसर पर पंडित भीष्म, पंडित भोला, संजय शर्मा और संजय आहूजा भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी श्री कर्णपुरी जी पुरी धाम, रोहतक करेंगे। 21 नवम्बर को सुबह 9:15 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला चिल्ली वाली धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए सर्व श्री चंडी माता मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक पूजन और यज्ञ होगा तथा शाम 3 से 5:15 बजे तक यज्ञ व आरती का आयोजन होगा।


**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए माता सत्यम् देवा।

---

## अरविंदो कॉलेज में एसआईपी ओरिएंटेशन पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

महर्षि अरविंदो कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भट्टू मंडी के आईक्यूएसी प्रकोष्ठ द्वारा आज एसआईपी ओरिएंटेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को उनकी आगामी इंटर्नशिप से संबंधित महत्वपूर्ण और विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। यह इंटर्नशिप 21 नवम्बर 2025 से 15 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। सेमिनार में सहायक प्राध्यापक संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को विद्यालय में होने वाले व्यवहारिक प्रशिक्षण की प्रक्रिया, शिक्षण-अधिगम गतिविधियां, आवश्यक अभिलेखों के संधारण और अनुशासन संबंधी दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए अध्यापन कौशल विकसित करने का सर्वोत्तम अवसर होता है और सभी को इस अनुभव से अधिकतम लाभ लेने का प्रयास करना चाहिए। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछे और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में कॉलेज प्रबंधन तथा आईक्यूएसी सेल ने विद्यार्थियों को आगामी इंटर्नशिप के लिए शुभकामनाएं दी तथा उन्हें पूर्ण समर्पण के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

---

### गीता महोत्सव को लेकर एडीसी वीरेंद्र सहरावत ने अधिकारियों के साथ बैठक

# गीता महोत्सव में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित होना बेहद जरूरी : एडीसी

**सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ पूर्ण करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि जिला स्तरीय गीता महोत्सव को सफल एवं भव्य रूप से आयोजित करने के लिए सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल सरकारी स्तर तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के हर वर्ग, सामाजिक संस्थाएं, धार्मिक संगठन, शैक्षणिक संस्थान सहित सभी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। एडीसी वीरेंद्र सहरावत गुरुवार को सिरसा के लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय गीता महोत्सव की तैयारियों संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों की ड्यूटियां निर्धारित की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में एसडीएस राजेंद्र कुमार, नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद डा. सुभाष चंद्र, डीएफएससी मुकेश कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डा. दर्शना सिंह, बीडीपीओ सार्थक श्री वास्तव, रेडक्रॉस सचिव लाल बहादुर बैनीवाल मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जिले में 28 नवंबर से एक दिसंबर तक जिला स्तरीय महोत्सव चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रदर्शनी, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीता सद्भावना यात्रा, ग्लोबल गीता चैंटिंग सहित अनेक कार्यक्रम होंगे। 30 नवंबर को गीता सद्भावना यात्रा तथा एक दिसंबर को समापन समारोह और पुरस्कार वितरण का आयोजन होगा। एडीसी सहरावत ने कहा कि महोत्सव के दौरान वक्ता और विद्वानजन गीता ज्ञान के उपदेशों, संदेशों व मूल भाव को आमजन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गीता-आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक छात्रों को सम्मिलित कराने का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीता, भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंग और उनके उपदेशों की झलक अवश्य दिखनी चाहिए, जिससे आमजन तक सार्थक संदेश पहुंच सके।


सिरसा। अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीसी वीरेंद्र सहरावत। *फोटो : हरिभूमि*

#### विभिन्न विभाग लगाएंगे स्टॉल

समारोह स्थल पर सभी विभागों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध होगी। एडीसी ने पुलिस विभाग को शोभायात्रा के लिए सुरक्षित व बाधारहित मार्ग निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही सफाई, पार्किंग, पानी, बिजली, शौचालय, रंगोली, मॉडल, प्रश्नोत्तरी और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदर्शनी और स्टॉल्स में स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य संस्थाओं को अपने उत्पादों की बिक्री और प्रचार का अवसर मिलेगा।